# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2015 दिनांकःफरवरी09,2016

<u>शुद्धि पत्र</u>

उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 26–11–2015 द्वारा उपनिरीक्षक ना0पु0 प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी। अनन्तिम वरिष्ठता सूची में निर्धारित वरिष्ठता के बारे में आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 निर्धारित की गयी थी। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों से यह भी अपेक्षा की गयी थी कि वह इस सूची को पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय/प्रशिक्षण संस्थानों/सम्बन्धित स्थानों पर/शाखा/इकाई में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए उपनिरीक्षको को सूचित किया जाये तथा यदि किसी उपनिरीक्षक का नाम छूटा है अथवा डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसे संशोधित करा लिया जाय। इस सूची को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **<u>http://uppolice.gov.in</u>** पर भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही बहुप्रचार, प्रसार हेतु दिनांक 28–11–2015 एवं 29–11–2015 को प्रदेश स्तरीय अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा स्थानीय स्तर के दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों में सर्व साधारण के सूचनार्थ अनन्तिम वरिष्ठता प्रकाशित करने एवं आपत्तियाँ आमन्त्रित करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 होने के तथ्य से सूचित किया गया था।

2– उक्त सन्दर्भ में जनपद/इकाईयों से प्राप्त संशोधन एव आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः पॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 17–12–2015 द्वारा अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी थी, जिसमें कुल–1418 उपनिरीक्षकों के नाम सम्मिलित थे। अन्तिम वरिष्ठता सूची उ0प्र0 पुलिस की उपरोक्त वेबसाईट पर सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रदर्शित की गयी। इसके उपरान्त पुलिस मुख्यालय के शुद्धि पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2015 दिनॉक 06–01–2016 एवं 10–01–2016 के माध्यम से कमशः 02 उपनिरीक्षकों के नामों को जोड़े जाने एवं 06 उपनिरीक्षकों के नामों को विलोपित किये जाने के उपरान्त अन्तिम वरिष्ठता सूची कुल–1414 उपनिरीक्षकों की है।

3– शासनादेश संख्याः 2710/6–पु–1–15–90(4)/2014 दिनॉक 20–01–2016 के द्वारा उ0प्र0 पुलिस बल के वर्ष–1994 से वर्ष–2014 तक आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त कर्मियों की वन टाइम वरिष्ठता निर्धारित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के ही उपनिरीक्षकों की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची दिनॉक 17–12–2015 को प्रकाशित की गयी है, जिसमें कारण शासन के पत्र दिनॉक 20–01–2016 में अंकित निम्नलिखित 02 आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त उपनिरीक्षक ना0पु0, जिनकी आउट आफ टर्न पदोन्नति प्रशिक्षण बैच–1997–98 के उपनिरीक्षकों की नियुक्ति/पदोन्नति से पूर्व हुयी है, का नाम सम्मिलित किया जाना अपेक्षित हैः–

| क0सं0 | पीएनओ | नाम | पिता का नाम | वर्तमान नियुक्ति | गृह जनपद | उ0नि0 के पद पर आउट आफ टर्न पदोन्नति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 862170095 | रमेश सिंह यादव | शिवराम सिंह यादव | कुशीनगर | औरैया | 08–07–1994 |
| 2 | 882540524 | सिमरजीत कौर | अवतार सिंह | शामली | रामपुर | 29–11–1995 |

4– इस प्रकार पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2015 दिनांकः17–12–2015 द्वारा प्रशिक्षण सत्र–1997–98 तक की प्रकाशित अन्तिम वरिष्ठता सूची में उपनिरीक्षक ना0पु0 रमेश सिंह यादव पुत्र श्री शिवराम सिंह यादव पीएनओ 862170095 जनपद कुशीनगर एवं उपनिरीक्षक ना0पु0 सिमरजीत कौर पुत्री श्री अवतार सिंह पीएनओ 882540524 जनपद शामली की वरिष्ठता कमशः कमॉक–311(**a**)/103(**a**) एवं 311(**b**)/103(**b**) पर निर्धारित किया जाता है। विवरण निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | मुख्य क0सं0 | बैच क0सं0 | पर्सनल न० | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | गृह जनपद | जन्म तिथि | PTC बैच | भर्ती तिथि | नियुक्ति स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 311 | 103 | 952021216 | हरवीर सिंह | राम स्वरूप | MEERUT | 04-12-1955 | 1989-90 | 01-Nov-95 | आगरा |
| 2 | 311(a) | 103(a) | 862170095 | रमेश सिंह यादव | शिवराम सिंह यादव | AURAIYA | 20-10-1966 | OUT OF TURN | 01-Aug-86 | कुशीनगर |
| 3 | 311(b) | 103(b) | 882540524 | सिमरजीत कौर | अवतार सिंह | RAMPUR | 18-08-1965 | OUT OF TURN | 01-Feb-88 | शामली |
| 4 | 312 | 1 | 962760382 | अतुल कुमार राय | श्री काशी राय | GORAKHPUR | 01-01-1974 | 1995-96 | 10-Feb-96 | गाजीपुर |

5– अतः अब अन्तिम वरिष्ठता सूची कुल 1416 उपनिरीक्षकों की है तथा पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्याःपाँच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांकः17–12–2015 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

(ए0 के0 शुक्ल)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर एवं शामली को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संख्या तथा दिनांक वही।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक,कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ

2– पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3– सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

4– पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस की वेबासाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।

5– परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर एवं सहारनपुर।